ned by the technical considerations, including the availability of gas and other infrastructural facilities.

मैक्सिको में आयोजित विश्व जनसंख्या सम्मेलन

134. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 6 अगस्त, 1985 को मैक्सिको शहर में आयोजित विश्व जनसंख्या सम्मेलन में साधारण शिक्षा, विशेषत: महिला शिक्षा और सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित प्रचार और विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया गया; और

(ख) यदि हां, तो सम्मेलन में किए गये प्रस्ताव को मूर्त रूप देने के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है ?

स्वास्थ्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) और (ख) अगस्त, 1984 में मैक्सिको सिटी में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय जनसंख्या सम्मेलन में महिलाओं की शिक्षा के स्तर को बढ़ाने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के अन्तर्गत जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया था । इसमें उन देशों से भी, जहां अभी भी बहुत-सी अशिक्षित महिलायें हैं, जन शिक्षा कार्यक्रमों का विस्तार करने के लिए पूरक प्रयास करने का अनुरोध किया गया था । ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को समग्र स्वास्थ्य परिचर्या के अंग के रूप में जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं जिन्हें सातवीं पंचवर्षीय योजना में सुदृढ़ किया जा रहा है। महिला साक्षरता की सुविधाओं को भी बढ़ाया जा रहा है ।

स्कूलों और कालेजों में "सहकारिता" को एक विषय के रूप में शुरू किया जाना

135. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग में शिक्षा सलाहकार और स्कूलों और कालेजों में सहकारिता को एक विषय के रूप में किये जाने संबंधी समिति के अध्यक्ष, श्री डी०पी० नायर ने 1978 के आरम्भ में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया था और उसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह सिफारिश की थी कि देश के नागरिकों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाने और छात्र समुदाय के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के वास्ते स्कूलों में सहकारिता को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिये, यदि हां, तो उनके द्वारा दिये गए सुझावों का ब्यौरा क्या है, जिससे कि इस विषय को लोकप्रिय बनाया जा सके सके;

(ख) सरकार ने किस प्रकार सहकारिता के बारे में सैद्धांतिक और व्यावहारिक पाठ्यक्रम तैयार किये हैं; किन-किन राज्यों में इन पाठ्यक्रमों को शुरू कर दिया गया है और शेष राज्यों में इस विषय को शुरू करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है;

(ग) क्या यह सच है कि यह मामला 107 विश्वविद्यालयों को उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजा गया था और उनमें से केवल 31 विश्वविद्यालयों ने उत्तर भेजे हैं, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है, और

(घ) इस योजना को तेजी से लागू करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

शिक्षा मंत्री (श्री के० सी० पन्त) : (क) 4-11-1975 को भारतीय राष्ट्रीय सहकारिता संघ की सहकारिता प्रशिक्षण समिति (जो अब राष्ट्रीय सहकारिता प्रशिक्षण परिषद के नाम से जानी जाती